बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
विद्या विहार, राय बरेली रोड, लखनऊ - 226 025
Babasaheb Bhimrao Ambedkar University
(A Central University)
Vidya Vihar, Raebareli Road, Lucknow-226 025

मिशन शक्ति रिपोर्ट

उत्तर प्रदेश सरकार की पहल "मिशन शक्ति" के अंतर्गत बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ की महिलाओं की आधारभूत समिति, उन्नत भारत अभियान एवं एनसीसी इकाई द्वारा महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन दिनांक 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2020 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 22 अक्टूबर 2020 को "नारी शक्ति, राष्ट्र उन्नति" विषय पर एक ऑनलाइन जागरूकता प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के संरक्षक, विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने अपना अध्यक्षीय वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमारे विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पांच गांव में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कार्य किये जा रहे हैं। हम पूरी रणनीति के साथ आगे बढ़ रहे हैं ताकि गांव में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकें। उन्होंने सभी को नवरात्र के पावन पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं को सम्मान देने की हमारी पौराणिक परंपरा रही है मगर आज उन संस्कारों में कुछ ह्रांस ज़रूर हुआ है, उसकी वजह का पता लगाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों की परवरिश पर ध्यान देना होगा और बच्चों को अच्छे संस्कारों के साथ उन्हें योग की तरफ भी आगे बढ़ाना होगा क्योंकि योग के माध्यम से ही मन को नियंत्रित किया जा सकता है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मिस रेणुका मिश्रा, एडीजी, नोडल ऑफिसर मिशन शक्ति लखनऊ, ने कहा कि मिशन शक्ति में शुरुआत के इन 6 महीनो में हम मिशन मोड पर काम कर रहे हैं जिसमें महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। 6 महीने के बाद कितना बदलाव आया इसका आंकलन भी किया जाएगा। इसके साथ ही हमारा यह भी उद्देश्य है कि हम महिलाओं के साथ समाज को भी जागरूक करे कि समाज में जो भी कुछ घटित हो

रहा है उसके लिए हम सभी जिम्मेदार हैं, और इस परिस्थिति में बदलाव लाने के लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारी मिलकर निभानी पड़ेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि परिवार बेटियों को बचपन से ही मजबूत बनाएं, उन्हें आवाज उठाना सिखाएं, बेटा और बेटी दोनों को समान परवरिश दें, तभी एक सशक्त और महिलाओं के लिए सुरक्षित समाज का निर्माण हो सकेगा।

उन्नत भारत अभियान के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर नवीन कुमार अरोड़ा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पांच गांव - औरावा, चकोली, दादूपुर, मीरानपुर पिनवट और रामचौरा गांव गोद लिया गया है और इन गांवों में विकास के लिए उन्नत भारत अभियान टीम, एनसीसी, महिलाओं की आधारभूत समिति व विवि के विभिन्न विभागों द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने मिशन शक्ति की टीम के साथ मिलकर कार्य करने और समाज मे बदलाव की दिशा में सहयोग देने का प्रस्ताव भी रखा गया जिसे सहर्ष मुख्य अतिथि द्वारा स्वीकार किया गया।

प्रोफेसर शिल्पी वर्मा, अध्यक्ष, महिलाओं की आधारभूत समिति ने कार्यक्रम की विषय वस्तु के बारे में संक्षिप्त में वर्णन प्रस्तुत किया और कहा कि हमारी टीम द्वारा गोद लिए गए गांवों में महिला स्वावलंबन, स्वास्थ्य, महिला अधिकारों से जुड़े कई कार्य किये जा रहे हैं। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ0 राजश्री द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े अभिभावकों व विद्यार्थियों को बालिका सुरक्षा की शपथ भी दिलवाई।

प्रो0 प्रीति सक्सेना ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि सामाजिक बदलाव की शुरुआत घर से ही हो सकती है, इसलिए अभिभावकों को अपने बच्चों की बेहतर परवरिश के साथ उनकी दिनचर्या पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में अंत मे आयोजन सचिव डॉ0 यू0 वी0 किरण ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, एनसीसी वोलेंटियर्स व विद्यार्थियों का कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की सह-आयोजन सचिव डॉ0 रचना गंगवार, डॉ0 मनोज डडवाल

समेत विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व कर्मचारी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े रहे।

महिला सुरक्षा से सम्बंधित शपथ अभिभावक, शिक्षको एवं छात्र/ छात्राओं को 22/10/2020 को डॉ० राजश्री द्वारा ऑनलाइन माध्यम से दिलवाई गयी|

मिशन शक्ति के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताये ऑनलाइन मोड में जागरूकता की दृष्टि से आयोजित की गयी| जिसके अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता (शीर्षक: महिलाओ का सामाजिक सशक्तिकरण) पोस्टर प्रतियोगिता (शीर्षक: सुरक्षित महिला: सुरक्षित भारत) स्लोगन प्रतियोगिता (शीर्षक: सशक्त महिला: सशक्त राष्ट्र) करायी गयी| इन प्रतियोगिता में छात्र/ छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसकी कुछ प्रविष्टियां नीचे दी गयी है| जिनके विजेताओं के नाम निम्नलिखित है:-

पोस्टर प्रतियोगिता विजेता (शीर्षकः–सुरक्षित महिलाः सुरक्षित भारत):–

1.	अक्षय कुमार सिंह राठौर	बी0.एड0 (चतुर्थ सेमेस्टर)	शिक्षा विभाग	प्रथम
2.	किशन विश्वकर्मा	बी0 टेक0 (एम0 ई0)	यू0आई0ई0टी0	द्वितीय
3.	नेहा कनोजिया	रिसर्च स्कॉलर	डी0एल0आई0एस0	तृतीय
4.	राजीव रंजन	बी0.एल0आई0एस0(द्वितीय सेमेस्टर)	डी0एल0आई0एस0	तृतीय

रंगोली प्रतियोगिता विजेता (शीर्षकः–महिलाओं का सामाजिक सशक्तिकरण):–

1.	अक्षय कुमार सिंह राठौर	बी0.एड0(चतुर्थ सेमेस्टर)	शिक्षा विभाग	प्रथम

स्लोगन प्रतियोगिता विजेता (शीर्षकः–महिलाओं का सामाजिक सशक्तिकरण):–

1.	प्रतीभा कुमारी	पी0एच0.डी0	डी0एल0आई0एस0	प्रथम
2.	मानसी श्रीवास्तव	बी0 टेक0 (सी0एस0ई0)	यू0आई0ई0टी0	द्वितीय
3.	राजीव रंजन	बी0.एल0आई0एस0(द्वितीय सेमेस्टर)	डी0एल0आई0एस0	तृतीय
4.	सेजल गुप्ता	बी0 टेक0 (ई0एस0ई0)	यू0आई0ई0टी0	तृतीय

Few Posters, Rangoli and Slogans Made By Students under Mission Shakti Competitions
























Some Glimpses of Webinar from Social Media











Press Release



अमृत विचार 17/10/20

बीबीएयू में महिला सशक्तीकरण पर कार्यक्रम आज

लखनऊ। प्रदेश सरकार की पहल "मिशन शक्ति" के अंतर्गत बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ की महिलाओं की आधारभूत समिति, जेंडर चैंपियन कमेटी, उन्नत भारत अभियान एवं एनसीसी इकाई द्वारा 17 से 25 अक्टूबर तक महिला सशक्तीकरण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया किया जायेगा।



दैनिक जागरण लखनऊ 17/10/20

बीबीएयू आज से नौ दिन मनायेगा मिशन शक्ति

लखनऊ। प्रदेश सरकार की पहल मिशन शक्ति के तहत बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विवि(बीबीएयू) की महिलाओं की आधारभूत समिति, जेंडर चैंपियन कमेटी, उन्नत भारत अभियान और एनसीसी इकाई की ओर से 17 से 25 अक्टूबर तक महिला सशक्तिकरण से पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत विवि में पोस्टर, स्लोगन और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। यह प्रतियोगिताएं ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जा रही है।



अमृत विचार 27/10/20

बीबीएयू में आयोजित हुआ मिशन शक्ति कार्यक्रम



पोस्टर व रंगोली में दिखी महिलाओं की हकीकत

मिशन शक्ति के तहत बीबीएयू महित विभिन्न संस्थानों की ओर से जागरूकता कार्यक्रम



